# जटाधारी भोले भंडारी

जटाधारी भोले भंडारी,
हमने देखि है तेरी लीला देखि महिमा तेरी न्यारी,
जटाधारी भोले भंडारी,

काँधे पे कावड़ बाँध के चलिये,
भोले की बात को मान कर चलिये,
सांप गले में है कैसे लहराये,
चन्दन की खुश्बू वो भी तो पाये,
गंगा बहाये अपनी जटा से देखे सारे नर नारी,
जटाधारी भोले भंडारी,

तांडव करे बाँध के घुंगरू,
पार्वती माँ साथ में डमरू,
सांप गले में है कैसे लेहाराये,
चन्दन की खुशबू वो भी तो पाये,
गंगा बहाये अपनी जटा से देखे सारे नर नारी,
जटाधारी भोले भंडारी,

क्रोध से पर्वत चरणों में झुका ले,
मौत की आंधी मुठी में दबा ले,
सांप गले में है कैसे लेहाराये,
चन्दन की खुशबू वो भी तो पाये,
गंगा बहाये अपनी जटा से देखे सारे नर नारी,
जटाधारी भोले भंडारी,

चलो चलो भगतो चलो अमर नाथ,
गिरने न देगा भोला थाम लेगा हाथ,
सांप गले में है कैसे लेहाराये,
चन्दन की खुशबू वो भी तो पाये,
गंगा बहाये अपनी जटा से देखे सारे नर नारी,
जटाधारी भोले भंडारी,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10936/title/jtadhaari-bhole-bhandaari-hamne-dekhi-hai-teri-leela

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |